मॉडल प्रश्न–पत्र–III

कक्षा – दसवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन (215)

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश : सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड हैं खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थान भरो तथा खण्ड (स) सत्य/असत्य प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

खण्ड (अ)

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए – **(1×5=05)**

1. निम्न में से कौन–सा आजीविका का माध्यम नहीं है–

(क) व्यवसाय (ख) पेशा

(ग) नौकरी (घ) प्रातः सैर पर जाना

2. संयुक्त हिन्दू परिवार के सदस्यों को कहते हैं –

(अ) साझेदार (ब) सदस्य

(स) सहभागी (द) स्वामी

3. पहाड़ी इलाकों में और पहाड़ो पर उपयुक्त परिवहन साधन क्या है–

(क) रेल परिवहन (ख) सड़क परिवहन

(ग) वायु परिवहन (घ) जल परिवहन

4. उस व्यापार को क्या कहते है, जिसमें व्यापारी को अधिक मात्रा में माल का विक्रय किया जाता है–

(क) विदेशी व्यापार (ख) थोक व्यापार

(ग) अन्तर्देशीय व्यापार (घ) फुटकर व्यापार

5. स्वरोजगार का अर्थ है –

(क) नियोक्ता तथा नौकर के मध्य एक अनुबंध है।

(ख) अन्य व्यक्ति को वेतन या मजदूरी

(ग) अपने आप को किसी आर्थिक क्रिया में व्यस्त करना

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

खण्ड (ब)

(ब) रिक्त स्थान भरो– **(1×5=05)**

1. भारतीय खाद्य निगम ....भंडारगृह का उदाहरण है।
2. एक सावधि जमा खाते में बचत बैंक खाते की अपेक्षा ....ब्याज मिलता है।

3. अधिविकर्ष की सुविधा ....जमा खाता धारक को मिलती है।

4. वैयक्तिक विक्रय का अंतिम उद्देश्य ....है।

5. उपभोक्ता को सूचना प्रदान करने के कारण वैयक्तिक विक्रय एक .... प्रक्रिया बन गई है।

खण्ड (स)

खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। **(1×10=10)**

1. कृषि में उर्वरकों रसायनों तथा कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से वायु प्रदूषण बढ़ता है।

2. एक संयुक्त पूँजी कंपनी स्थापित करने हेतु वैधानिक औपचारिकताओं की आवश्यकता है।

3. व्यवसाय में परिवहन को व्यापार सहायक गतिविधि माना जाता है।

4. जल परिवहन परिवहन का अत्यधिक तीव्र साधन है।

5. स्पीड पोस्ट सेवा सभी डाक घरों में उपलब्ध है।

6. पिन से मेल की छँटाई जल्दी और आसानी से होती है।

7. किराया क्रय पद्धति में क्रेता कभी भी माल को लौटा सकता है।

8. प्रेषण पत्र को सूचना पत्र भी कहते है।

9. विभागीय भंडार की ही तरह सुपर बाजार में भी विभिन्न प्रकार का सामान एक ही भवन में बेचा जाता है।

10. टेलीशापिंग में समय और शक्ति बचती हैं क्योंकि टेलीफोन पर ही आर्डर दिये जा सकते है।

11. आज की पीढ़ी के पास जीविका के अत्यंत कम विकल्प है।

निर्देश :— प्रश्न क्रमांक 02 से 13 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न 2. नौकरी की किन्हीं दो विशेषताओं को समझाये।

प्रश्न 3. व्यवसाय से आपका क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 4. एकल स्ववामित्व की परिभाषा लिखिए।

प्रश्न 5. बैंकिंग व्यवसाय करने वाली फर्म में साझेदारी की अधिकतम संख्या बताइये।

प्रश्न 6. भंडारण से क्या तात्पर्य है?

प्रश्न 7. वाइस मेल को दो वाक्यों में समझाइये।

प्रश्न 8. प्राइवेट कोरियर सेवा की व्याख्या करे।

प्रश्न 9. क्रय से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 10. थोक विक्रेता को परिभाषित कीजिए।

प्रश्न 11. सुपर बाजार का क्या अर्थ है?

प्रश्न 12. वैयक्तिक विक्रय का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 13. नौकरी का क्या अर्थ है?

निर्देश : – प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 03 अंक आबंटित हैं।

प्रश्न 14. केन्द्रीय बैंक का क्या कार्य है।

प्रश्न 15. किसी वस्तु को क्रय करने की विभिन्न पद्धतियों का वर्णन करो।

प्रश्न 16. उपभोक्ता की परिभाषा बनाइये।

प्रश्न 17. अदालत उपभोक्ता को किस प्रकार राहत प्रदान कर सकती है।

प्रश्न 18 स्वरोजगार तथा नौकरी में तुलना कीजिए।

प्रश्न 19. व्यवसाय में नौकरी के कौन–कौन से अवसर है संक्षेप में समझाइये।

निर्देश :– प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 04 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 20. ई–वाणिज्य को परिभाषित कीजिए उसके 2 गुणों की विवेचना कीजिए।

अथवा

व्यवसाय किस प्रकार से पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ाता है कोई चार बिन्दुओं का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 21. संयुक्त पूँजी कंपनी की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

निजी कंपनी की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

प्रश्न 22. भंडारगृह के चार कार्यो को लिखिए।

अथवा

लाइनर और ट्रैम्प जहाजों में अंतर बताइये।

प्रश्न 23 मनी आर्डर तथा पोस्टल आर्डर में अंतर बनाइये।

अथवा

व्यवसाय में संप्रेषण के महत्व को बताइए।

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 05 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 24. बीमा व्यापार और उद्योग जगत के लिए किस प्रकार सहायक है स्पष्ट कीजिए।

अथवा

एक वाणिज्यिक बैंक के प्राथमिक कार्यो का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 25. ग्राहकों के लिए इंटरनेट शापिंग के लाभ और सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

अथवा

व्यापक फुटकर व्यापार के रुप में विभागीय भंडार एवं श्रृंखलाबद्ध दुकानों में अंतर स्पष्ट करो।

निर्देश :–प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 06 अंक आबंटित है। सभी में विकल्प दिये गये हैं।

प्रश्न 26. विज्ञापन का क्या अर्थ है इसकी विशेषताएँ बताइये।

अथवा

समाचार पत्र के माध्यम से विज्ञापन के क्या लाभ और सीमाएं है।

प्रश्न 27. स्थायी संपत्तियों के क्रय करने पर उपभोक्ता को कौन से प्रपत्रों को संभालकर रखना चाहिए?

अथवा

उपभोक्ता को दिन प्रतिदिन आने वाली विभिन्न समस्याओं का वर्णन कीजिए।